भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 841**

जिसका उत्तर 26 जून, 2019 को दिया जाना है।

5 आषाढ़, 1941 (शक)

## प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान

**841. श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे** :
**श्री सनील कुमार सिंह** :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीडीआईएसएचए) के अंतर्गत इस प्रयोजनार्थ निर्धारित लक्ष्य की तुलना में महाराष्ट्र और झारखंड राज्य सहित राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र-वार कुल कितनी जनसंख्या को डिजिटल रूप से साक्षर बनाया गया है;

(ख) उक्त योजना के बहुत धीमी गति से कार्यान्वयन के क्या कारण हैं; और

(ग) इस योजना के उचित कार्यान्वयन विशेषकर देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ?

उत्तर

## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)

**(क):** प्रधान मंत्रीग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान के अंतर्गत 21 जून, 2019 2.29 करोड़ से अधिक लाभार्थियों का नामांकन किया गया है और 2.21 करोड़ उम्मीदवार प्रशिक्षित किए गए हैं, जिनमें से 1.33 करोड़ उम्मीदवारों को विधिवत रूप से प्राधिकृत तृतीय पक्षकार की प्रमाणन एजेंसियों द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित किया गया हैं। वित्तीय वर्ष 2017-18 के बाद से योजना के तहत प्रशिक्षित और प्रमाणित उम्मीदवारों की राज्य-वार / संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या **अनुबंध** में दी गई है। यह देखा जा सकता है कि महाराष्ट्र के लिए 44,33,000 उम्मीदवारों के लक्ष्य के विपरीत, अब तक 11,70, 820 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 6,95,969 उम्मीदवारों को विधिवत रूप से प्रमाणित किया गया है। इसी तरह, झारखंड के लिए 18,03,000 उम्मीदवारों के लक्ष्य के विपरीत, अब तक 12,93,007 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 7,21,497 उम्मीदवारों को विधिवत रूप से प्रमाणित किया गया है।

**(ख):** योजना के धीमी गति से कार्यान्वयन के कुछ प्रमुख कारणों में दूरदराज के ग्रामीण / दूर-दराज के क्षेत्रों में कम इंटरनेट कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता के लाभों के बारे में जागरूकता का अभाव, गैर-सुलभ और कम आबादी वाले क्षेत्रों को कवर करने में कठिनाई और अन्य बुनियादी ढाँचे से जुड़े मुद्दे शामिल हैं।

**(ग):** सरकार ने विशेष रूप से देश के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में योजना के उचित कार्यान्वयन के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता और प्रचार-प्रसार गतिविधियो को शामिल करना और आबादी के विभिन्न क्षेत्रों में सभी समावेशी तरीके से इसे कवर करने के लिए अभियानों, कार्यशालाओं, सेमिनारों, डिजिटल वैन आदि के माध्यम से इसका कई गुना विस्तार करना शामिल है।। देश भर में शामिल न की गयी ग्राम पंचायतों में नए प्रशिक्षण केंद्रों की पहचान करने और उन्हें पंजीकृत करने के लिए प्रयास किए गए हैं। कम इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्याओं को दूर करने के लिए, दूरस्थ स्थानों पर वाई-फाई चौपाल की स्थापना की गई है। पहचान किए गए राज्यों के ग्रामीण आबादी वाले जिलों में प्रवेश करने के लिए उम्मीदवारों के प्रशिक्षण और परीक्षा के लिए ग्रामीण स्कूलो की सेवाएं ली गई हैं।

******

**अनुबंध**

पीएमजी दिशा योजना के अंतर्गत राज्य / संघ राज्य क्षेत्रवार लक्ष्य और वर्षवार प्रशिक्षित और प्रमाणित उम्मीदवारों की संख्या

(21-06-2019 की स्थिति के अनुसार)

| क्र.सं. | राज्य | लक्ष्य (उम्मीदवारों की संख्या) | उपलब्धियों की स्थिति (उम्मीदवारों की संख्या) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वित्तीय वर्ष 2017-18 | | वित्तीय वर्ष 2018-19 | | वित्तीय वर्ष 2019-20 | |
| | | | प्रशिक्षित | प्रमाणित | प्रशिक्षित | प्रमाणित | प्रशिक्षित | प्रमाणित |
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 18000 | 0 | 0 | 225 | 18 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2028000 | 218761 | 118893 | 301045 | 142034 | 12625 | 5951 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 77,000 | 381 | 70 | 1848 | 465 | 47 | 33 |
| 4 | असम | 1929000 | 89788 | 12929 | 988724 | 640771 | 86177 | 110858 |
| 5 | बिहार | 6630000 | 795999 | 409886 | 727427 | 494820 | 72532 | 60793 |
| 6 | चंडी-गढ़ | 2000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1412000 | 713563 | 358546 | 618543 | 459752 | 55909 | 41463 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 13000 | 1 | 0 | 672 | 124 | 13 | 108 |
| 9 | दमन और दीव | 4000 | 0 | 0 | 464 | 246 | 43 | 43 |
| 10 | दिल्ली | 30000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | गोवा | 40000 | 3 | 0 | 181 | 2 | 5 | 59 |
| 12 | गुजरात | 2497000 | 756670 | 416867 | 397698 | 289883 | 22984 | 25169 |
| 13 | हरियाणा | 1191000 | 678104 | 383619 | 393341 | 268983 | 56082 | 46406 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 444000 | 81968 | 32343 | 36393 | 21685 | 6761 | 5061 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 658000 | 140398 | 74203 | 96984 | 71505 | 20833 | 12029 |
| 16 | झारखंड | 18,03,000 | 968471 | 477010 | 293011 | 218031 | 31525 | 26456 |
| 17 | कर्नाटक | 27,05,000 | 314184 | 172607 | 167506 | 103146 | 6297 | 4973 |
| 18 | केरल | 12,57,000 | 12406 | 4095 | 9638 | 4194 | 1280 | 876 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1000 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 3784000 | 758857 | 364122 | 771886 | 513283 | 78380 | 71222 |
| 21 | महाराष्ट्र | 4433000 | 545138 | 283065 | 530508 | 357473 | 95174 | 55431 |
| 22 | मणपुर | 137000 | 6126 | 1766 | 1755 | 910 | 300 | 50 |
| 23 | मेघालय | 171000 | 507 | 3 | 42986 | 15386 | 8744 | 7735 |
| 24 | मजोरम | 38000 | 4387 | 2254 | 834 | 212 | 67 | 29 |
| 25 | नागालैंड | 101000 | 1173 | 773 | 1459 | 633 | 474 | 260 |
| 26 | ओडशा | 2517000 | 772041 | 414710 | 456118 | 338211 | 43069 | 33677 |
| 27 | पुदुचेरी | 28000 | 6443 | 2661 | 3448 | 1977 | 243 | 51 |
| 28 | पंजाब | 1247000 | 273886 | 161814 | 438969 | 314444 | 35043 | 25159 |
| 29 | राजस्थान | 3712000 | 721780 | 357402 | 491318 | 339133 | 55122 | 40581 |
| 30 | सक्किम | 33000 | 0 | 0 | 39 | 3 | 2 | 0 |
| 31 | तमलनाडु | 2679000 | 350604 | 198848 | 171365 | 109509 | 9033 | 6265 |
| 32 | तेलंगाना | 2028000 | 218540 | 116069 | 147465 | 98518 | 15308 | 9620 |
| 33 | त्रिपुरा | 195000 | 32612 | 17844 | 38196 | 17724 | 4239 | 2696 |
| 34 | उत्तराखंड | 5,06,000 | 162127 | 93431 | 95647 | 65474 | 12283 | 9775 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 11171000 | 2473387 | 1231890 | 2322173 | 1628818 | 275449 | 220668 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 4481000 | 317367 | 141971 | 198484 | 146421 | 28278 | 17530 |
| **कुल** | | **60000000** | **11415672** | **5849691** | **9746356** | **6663788** | **1034321** | **841027** |

*****